दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास

रायगढ़,सोमवार 16 मार्च 2020

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### राहुल गांधी से मिले वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा

» छत्तीसगढ़ के राजनैतिक हालातों पर हुई चर्चा

**रायपुर (आरएनएस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव प्रशासनिक व कार्यसमिति सदस्य मोतीलाल वोरा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच मध्यप्रदेश में उपजे राजनैतिक हालातों व छत्तीसगढ़ की राजनीति पर व्यापक चर्चा हुई।

### आइकॉन के मालिक बनने का समय लैंड रोवर ने 69.99 लाख रुपए से नई डिफेंडर की बुकिंग् शुरु

**रायपुर (आरएनएस)।** जगुआर लैंड रोवर इंडिया ने आज घोषणा की है कि कंपनी ने भारत में नए लैंड रोवर डिफेंडर की बुकिंग शुरु कर दी है। 400 एनएम के टॉर्क के साथ 2.0 लीटर, 221 किलोवॉट (300 पीएस) पेट्रोल पॉवरट्रेन द्वारा पॉवर्ड नई डिफेंडर एक कम्ली साथटली बिल्ट यूनिट (सीबीयू) के तौर पर दो अलग बॉडी स्टाइल्स में उपलब्ध होगी ङ्क एलिगेंट 90 (3 दरवाज़ों वाली) और वर्सेटाइल 110(5 दरवाज़ों वाली) और इसकी शुरुआती कीमत 69.99 लाख रुपए (एक्स-शोरुम इंडिया) रखी गई है। जगुआर लैंड रोवर इंडिया लिमिटेड (जेएलआरआईएल) के प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित सूरी ने कहाः नई डिफेंडर ने अपनी समृद्ध वंशावली को एक आधुनिक 21वीं सदी के पैकेज में अपनाया है जो इसे ऑफरोड और ऑन रोड के लिए बेहद सक्षम बनाता है। भारत में इस आइकॉन के प्रवेश के साथ, हम अपने ग्राहकों को लैंड रोवर पोर्टफोलियो में सबसे सक्षम और ज़्यादा समय तक चलने वाले प्रॉडक्ट को पेश कर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं।

### 45 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त,6 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री द्वारा अवैध शराब पर लगाम लगाने के निर्देश तथा अवैध कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश के बाद से लगातार हो रही कार्रवाई के तहत राजधानी पुलिस ने एक और अवैध शराब के मामलें में 45 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ 5 महँगी गाड़ियों सहित तीन दो पहिया वाहन जब्त किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में शराब की खेप पकड़ने के बाद आरोपियों से राजधानी के अलग अलग जगहों से शराब रखने की जानकारी मिली थी जहां छापेमारी करने पर 6 आरोपियों से 45 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। जिसकी बाजार में कीमत लाखो रुपये है। इसमें छह आरोपियों की गिरफ्तारी की गई जिसमे दो आरोपी जतिंदर पाल सिंह,और राजेंद्र सिंह भारद्वाज हरियाणा के और चार आरोपी राजेश सावलानी, विजय रामानी, राजेश मोटवानी, और रकनुद्दीन खान रायपुर के है।

### किन्नर को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण,मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** किन्नर से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण तथा ब्लैकमेल कर साढ़े पांच लाख रुपए की वसूली और मारपीट करने की खिलाफ डीडी नगर थाना में दर्ज कराई है गई है। मामलें में पुलिस ने युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार आरडीए कालोनी रायपुरा निवासी एक किन्नर ने डीडी नगर थाने में झंडा चौक संजय नगर निवासी यशवंत साहू पर शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने तथा ब्लेकमेलिंग कर रूपए ऐंठने की शिकायत दर्ज करावाया है। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, आरोपी चार सालों से शादी करने और अपने समाज में स्थान दिलाने का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक शोषण तौर पर शोषण करने के लिए धारा 294, 323, 506, 384 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कोरोना वायरस संक्रमण को ध्यान में रखते हुए चीन से जिले में वापस आये नागरिकों को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया- कलेक्टर यशवंत कुमार

**रायगढ़।** कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने बताया कि विश्व में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए चीन एवं अन्य देशों से भ्रमण कर जिले में वापस आये 12 नागरिकों को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है और वे सभी स्वस्थ हैं।

# राज्यपाल उइके ने गंगरेल में पर्यटन सूचना केंद्र का किया उद्घाटन

» उल्लेखनीय स्वरोजगारमूलक कार्य करने वाले तीन समूहों को पुरस्कार स्वरूप 10 हजार रूपए ईनाम की घोषणा की

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने अपने दो दिवसीय धमतरी प्रवास के दौरान आज धमतरी के गंगरेल में पर्यटन सूचना केंद्र का उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने गंगरेल ग्राम पंचायत में पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे तीन स्वसहायता समूहों की महिलाओं से मुलाकात की तथा उनके कामों की सराहना की। ज्ञातव्य है कि उक्त समूहों के द्वारा लोकल कैंटिन संचालन के अलावा अन्य गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। गंगरेल ग्राम पंचायत की ग्रीन आर्मी की महिलाओं, स्व सहायता समूह की महिलाओं और जबर्रा ग्राम पंचायत से आए समूह के ग्रामीणों से भेंट की।




राज्यपाल ने समूह द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों कार्यों की सराहना भी की। यहां के स्व सहायता समूह की महिलाएं लोभान, अगरबत्ती, हेंडमेड सोप, मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त कर 40 हजार रूपए तक की आय अर्जित कर रहीं हैं। इसके पहले उन्होंने गंगरेल ग्राम पंचायत की ग्रीन आर्मी की महिलाओं से भी सौजन्य भेंट की तथा स्वच्छता और ओडीएफ की दिशा में किए जा रहे नवाचारों की तारीफ की। उक्त महिलाओं के द्वारा स्वहस्त निर्मित वस्तुओं की टोकरी राज्यपाल को भेंट की गई। इनमें श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती नंदरानी साहू नई दिशा स्वयं सहायता समूह गंगरेल, श्रीमती धलेन्द्री निषाद जय लक्ष्मी समूह गंगरेल, श्रीमती सरस्वती साहू शिव शक्ति समूह गंगरेल और श्रीमती रूखमणी ध्रुव साधना समूह मरादेव सम्मिलित हैं। इसके बाद राज्यपाल सुश्री उइके ने ग्राम पंचायत जबर्रा के लोगों से भी मुलाकात की। इस ग्रुप द्वारा जबर्रा पहुंच रहे पर्यटकों को वहां की जानकारी उपलब्ध कराने के अलावा अन्य स्थानों का परिचय कराया जा रहा है। राज्यपाल द्वारा गंगरेल में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सोनमणि बोरा, कलेक्टर श्री रजत बंसल, पुलिस अधीक्षक श्री बी.पी. राजभानू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार पिकअप पलट कर तालाब में घुसी, चार की मौत

**रायगढ़ (आरएनएस)।** जिले के ग्राम बाकरूमा के निकट बीती रात एक तेज रफ्तार पिकअप के अनियंत्रित होकर एक तालाब में पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई, वहीं अन्य बुरी तरह से घायल हो गए हैं।


सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाकरूमा के निकट एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पास के ही एक तालाब में जा घुसी। हादसे में पिकअप में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिकअप में सवार अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। बताया जाता है कि दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पिकअप में सवार होकर अम्बे टिकरा मंदिर गए थे। मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद सभी पिकअप में सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे कि इसी दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे तालाब में जा घुसी। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अन्य लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल भेज दिया।

### पेड़ पर लटकी मिली अधेड़ की लाश

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के शंकरनगर ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण पता नही चल पाया है। खम्हारडीह थाना पुलिस ने मामलें में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रवि कुमार डोंगरे (40 साल) शंकर नगर ओव्हर ब्रीज के पास ही 13 नंबर बंग्ले में काम करता था। रविवार की सुबह आसपास के लोगों ने उसकी लाश वहीं स्थित खाली प्लाट में आम के पेड़ पर लटकी देखी और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतारकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कोरोना वायरस से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए माहेश्वरी सभा ने महापर्व गणगौर के आयोजन किए निरस्त

**रायपुर (आरएनएस)।** माहेश्वरी सभा रायपुर की कार्यकारिणी की विशेष बैठक गोपाल मंदिर सदर बाजार में आयोजित की गई। जिसमें 27 मार्च शुक्रवार को पारंपरिक पर्व गणगौर के आयोजन के संदर्भ में चर्चा की गई। सभा के महामंत्री कमल राठी ने बतलाया कि नोवल कोरोना कोविद-19 के बढ़ते



संक्रमण पर नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा कई सुरक्षात्मक कदम उठाए जा रहे हैं. रायपुर कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी द्वारा आगामी 31मार्च 2020 तक सभी समारोहों व आयोजनों के लिए दी गई अनुमति और अनापत्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई है। सभा के अध्यक्ष सम्पत काबरा ने बतलाया कि गणगौर के अवसर पर सारा समाज एकत्रित हो कर पूजन, शोभायात्रा एवम् प्रसादी सहभोज (गोठ) में सम्मिलित होता है। वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव को ध्यान में रखते हुए एवं शासन के निर्देशानुसार सभा द्वारा समस्त सामूहिक आयोजन निरस्त किये जा रहे हैं। पूर्व अध्यक्ष विजय दम्मानी द्वारा विशेष आग्रह किया गया है कि ऐसे समय में शासन द्वारा निर्देशित विशेष सुरक्षा उपायों का अवश्य पालन करें और संबंधित कोरोना वायरस के खतरे से सावधानीपूर्वक रहें। कार्यक्रम संयोजक शिवरतन सादानी व गोवर्धन झंवर ने बतलाया की 27 मार्च शुक्रवार को गणगौर दर्शन व गणगौर पूजन गोपाल मंदिर में की जा सकेगी।

## हर क्षेत्र में अग्रणी है मातृत्व शक्ति : बृजमोहन अग्रवाल

» भाजपा महिला मोर्चा का नारी शक्ति का सम्मान समारोह संपन्न

**रायपुर (आरएनएस)।** नारी अब अबला नहीं रही वह सबला बन चुकी है। वह हर क्षेत्र में अग्रणी है और समाज ही नहीं राष्ट्र को भी दिशा प्रदान कर रही है।

उक्त बातें वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला रायपुर द्वारा आयोजित महिला शक्तियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि शारीरिक विकलांगता की शिकार होने के बावजूद संघर्ष करते हुए अपना विशिष्ट स्थान बनाने वाली बैंक ऑफबड़ौदा की कर्मचारी कविता पाठक, मुक बधिर बच्चों के लिए कार्य करने वाली पद्मा ठाकुर तथा अधिवक्ता भारती सोनी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा को दिए अपने संबोधन में श्री अग्रवाल ने कहा कि योग्यता जिसमे है उन्हें आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। छोटी-छोटी बाधायें आये तो घबराना नही है,आत्मबल के साथ बढ़ते रहे सफलता निश्चित ही मिलती है। उन्होंने कहा कि रायपुर के 29 भाजपा में से 14 महिलाये है यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि महिलाये खुद को कभी अबला न समझे आप सबला है। मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां लक्ष्मी का स्वरूप है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे देश मे महिला प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री,राज्यपाल,वित्त मंत्री,रक्षा मंत्री विदेश मंत्री तक की जिम्मेदारी निभाई है। ऐसे में जिन महिलाओं ने राजनीति के कठिन डगर पर अपने कदम बढ़ाए है उन्हें भी उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देता हूं।

## ग्रामीण बैठका में गरमाया बेजा कब्जा हटवाने का मसला

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम टेकारी मे पौनी -पसारी लगाने आहूत ग्रामीणों की बैठका मे ग्रामीण व्यवस्था को चुनौती देते हुये एक बेजा कब्जाधारी द्वारा किये गये अवैध कब्जा अब तक न हटने का मसला गरमाया रहा।

नवनिर्वाचित सरपंच व ग्रामीण सभा अध्यक्ष द्वारा इस सँबँध मे ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा मँदिरहसौद नायब तहसीलदार सहित वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने व तहसीलदार द्वारा अवैध कब्जा हटवाने पँचायत द्वारा नियत किये जाने वाले तिथि पर मय पुलिस बल उपस्थित रहने का आश्वासन दिये जाने की जानकारी देते हुये बतलाया गया कि पँचायत ने बेजा कब्जाधारी को एक बार फिर आसन्न 17 मार्च तक स्वेच्छा से बेजा कब्जा हटा लेने सँबँधी लिखित सूचना भेजा था।

जिसे लेने से इँकार करने पर चस्पा करने की कार्यवाही की गयी है ।ग्रामीणों ने एकस्वर मे गांव की व्यवस्था को बिगडने से बचाने किसी भी हालत मे इस बेजा कब्जा को हटवाने व एकजुट रहने की बात कही ।

ज्ञातव्य हो कि बीते करीब पौने दो साल से ग्राम मे शासन द्वारा आबँटित ढाई डिसमिल भूमि से लगे करीबन 900 वर्गफीट भूमि पर रहमान खान नामक व्यक्ति द्वारा किये गये अवैध कब्जा का मामला चर्चा मे है।

अपने विवाहिता पुत्री के नाम इस बेजा कब्जा की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास बनवाने के प्रयास व इस पर ग्राम पँचायत सहित ग्रामसभा द्वारा आपत्ति किये जाने पर उसके पुत्री व परिवार वालों द्वारा अप्रिय स्थिति लाने की धमकी दिये जाने से पँचायत ने पँचायत राज अधिनियम के तहत प्रस्ताव पारित कर भू राजस्व सँहिता के प्रावधान के तहत एक माह के भीतर बेजा कब्जा हटवाने तहसीलदार सहित एस डी ओ.आरँग , जिलाधीश व सँभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा था व थाना मे भी जानकारी दी थी । तहसीलदार द्वारा इसके खिलाफ बेजा कब्जा का मामला भी दर्ज किया गया था और मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों तहसीलदार ने पँचायत को बेजा कब्जा हटवाने निर्देशित किया।

बैठक मे इस पर नवनिर्वाचित सरपंच नँदकुमार यादव , उपसरपंच घनश्याम वर्मा के साथ पूर्व सरपंचद्वय रामानँद पटेल व गणेश लहरे सहित ग्रामीण सभा अध्यक्ष हुलासराम वर्मा उपाध्यक्ष छेदन वर्मा ,बाल समाज वाचनालय के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा व भूपेन्द्र शर्मा द्वारा बीते 7 मार्च को नायब तहसीलदार सहित वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंप। तथा पुलिस बल सहित नियत तिथि पर मौजूद रहने का आश्वासन दिया गया ।

» प्रकृतिकों चुनौती देने के कारण हमारे समक्ष उत्पन्न होती हैं समस्याएं - रामदास

## नृत्य कला संस्थान का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**रायगढ़ (आरएनएस)। रायगढ़ नृत्य कला संस्थान द्वारा वन विभाग के रोज गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।**

जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष वराष्ट्रीय मंत्री तथा रामदास द्रौपदी फॉउन्डेशन के संरक्षक रामदास अग्रवाल रहे,वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक दिवाकर राव वासनिक ने की, कार्यक्रम मेंसमाज सेवी महाबीर अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम काआरंभ संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा उपस्थित अतिथियों व गणमान्य जनको गुलाल लगाकर किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष विकास राम,उपाध्यक्ष गौरव यादव, सचिव प्रेरणा देवांगन, कोषाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष हेमंत महंत,उप कोषाध्यक्ष रवि चैहान, सोशल मीडिया प्रभारी आशीष यादव, सोशलमीडिया प्रभारी प्रतीक देवांगन, प्रचार प्रसार प्रभारी राजकमल एवं रॉकी वर्मा, सोनियायादव, अकरम फैजान, अंशु, आशु, अरुण, उदित, किस्मत, अर्जुन, मोनू, रवि एवं संस्थाके अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामदास अग्रवाल ने सभा कोसंबोधित करते हुए कहा कि इस स्वस्थ्य पर्यावरणीय वातावरण में होली मिलन समारोहका आयोजन अपने आप में अनोखा है।

ऐसे वातावरण में कोरोना का भय कम होजाता है। क्योंकि प्रकृति ने हम सब को इस माहौल में रहने योग्य बनाया है। जिसेपारिस्थितिक तंत्र या इकोसिस्टम कहा जाता है। प्रकृति के बनाये नीयम को तोड़नाअर्थात प्रकृति को चुनौती देना है और मेरा मानना है कि व्यक्ति जब-जब प्रकृतिको चुनौती देता है, तब-तब उसके समक्ष एक विशाल चुनौती रहती है।

यह हमारे संस्कृतिऔर सभ्यता का भी भाग है कि हम सब प्रकृति की पूजा करते हैं। ऐसे स्थान पर होलीमिलन समारोह का आयोजन करने के लिए रायगढ़ नृत्य कला संस्थान के सभी सदस्योंव कलाकारों को शुभकामनाएं। इस अवसर पर भाई महाबीर अग्रवाल ने भी सभा कोसंबोधित किया और सभी को कार्यक्रम के लिए बधाई दी।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-